# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर

**क्रमांक : एफ./रामीकमउ./प्रा./समितियाँ/2026-27/1365** **दिनांक : 17/08/2026**

## कार्यालय आदेश

### अकादमिक वर्ष 2026-2027 हेतु गठित समितियाँ

**सत्र 2026-27 में महाविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन एवं अन्य समस्त शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक तथा प्रशासनिक कार्यों के सुचारु, प्रभावी एवं सफल संचालन हेतु निम्नलिखित समितियों का गठन किया जाता है।**

1. महाविद्यालय में गठित समस्त समितियाँ अपने-अपने निर्धारित दायित्वों एवं कार्यक्षेत्र के अंतर्गत कार्य करते हुए **उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार** द्वारा समय-समय पर जारी नियमों, विनियमों, नीतियों, दिशा-निर्देशों, परिपत्रों एवं आदेशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करेंगी। उच्च शिक्षा विभाग के प्रावधानों का महाविद्यालय स्तर पर **आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा** के माध्यम से किए जाने वाले क्रियान्वयन के अनुरूप अनुपालन करना प्रत्येक समिति का दायित्व होगा। समितियाँ आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा जारी निर्देशों, निर्धारित कार्यक्रमों, कार्ययोजनाओं एवं समय-सीमा के अनुसार संबंधित गतिविधियों का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगी।
2. आयुक्तालय अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित सूचना, प्रगति विवरण, प्रतिवेदन एवं रिकॉर्ड संबंधित शाखा/अधिकारी से समन्वय स्थापित कर निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराए जाएँगे। प्रत्येक समिति अपने कार्यों से संबंधित आवश्यक रिकॉर्ड , कार्यवाही विवरण, प्रगति एवं उपलब्धियों का उचित संधारण करेगी। समितियाँ कार्यों के प्रभावी निष्पादन हेतु महाविद्यालय की अन्य समितियों, प्रकोष्ठों, शाखाओं एवं संबंधित विभागों के साथ आवश्यक **आपसी समन्वय एवं सहयोग** स्थापित करेंगी। किसी प्रशासनिक अथवा तकनीकी कठिनाई की स्थिति में समिति प्राचार्य के मार्गदर्शन में संबंधित सक्षम अधिकारी/विभाग से आवश्यक निर्देश प्राप्त कर कार्यवाही करेगी।
3. प्रत्येक समिति के **समन्वयक** आवश्यकतानुसार बैठक आयोजित कर संपूर्ण सत्र के दौरान संपादित किए जाने वाले कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं लक्ष्यों की कार्ययोजना निर्धारित करेंगे तथा उनकी प्रगति का नियमित मॉनिटरिंग करेंगे। समन्वयक समिति द्वारा निर्धारित लक्ष्यों एवं मानकों की प्राप्ति हेतु की गई कार्यवाही तथा प्रगति से **प्रतिमाह प्राचार्य को अवगत** कराएँगे। आवश्यकतानुसार लंबित प्रकरणों, उपलब्धियों एवं समस्याओं की भी सूचना प्राचार्य को दी जाएगी।
4. समिति के समन्वयक एवं सदस्य आपसी सहयोग, समन्वय एवं उत्तरदायित्व की भावना से कार्य करेंगे तथा समिति से संबंधित प्रस्तावित एवं संपादित कार्यों की समुचित जानकारी रखेंगे। सभी समितियाँ **प्राचार्य द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देशों, सौंपे गए अतिरिक्त दायित्वों एवं महाविद्यालय हित में जारी आदेशों** का नियमानुसार एवं समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करेंगी।
5. सभी समितियाँ निर्धारित दायित्वों का **तत्काल प्रभाव से निर्वहन प्रारम्भ** करते हुए अपने कार्यों को पारदर्शी, उत्तरदायी, समयबद्ध एवं नियमानुकूल रूप से संपादित करेंगी।
6. यदि समिति के गठन में किसी संकाय सदस्य का नाम वरिष्ठता क्रम में अंकित नहीं किया गया है, तो ऐसी स्थिति में समिति के वरिष्ठतम संकाय सदस्य समिति समन्वयक के रूप में कार्य करेंगे।

7. **समिति के समन्वयक की अनुपस्थिति में समिति का वरिष्ठतम सदस्य समन्वयक के दायित्वों का निर्वहन करते हुए समिति के कार्यों का संचालन एवं निष्पादन सुनिश्चित करेगा।**

**1. महाविद्यालय कार्यालय प्रबंधन समिति**

डॉ. श्यामसुन्दर कुमावत – **समन्वयक**
डॉ. अलका चौहान – **सदस्य**
डॉ. अनामिका सिंघवी – **सदस्य**
डॉ. वन्दना वर्मा – **सदस्य**
श्री बृजसुंदर मण्डोवरा – **सदस्य**
डॉ. तीर्थानन्द मिश्र – **सदस्य**
डॉ. पुनीता चोरड़िया – **सदस्य** (संपर्क समन्वयक (समस्त समितियां))
डॉ. सुनील खटीक – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय के कार्यालयीन कार्यों के सुचारु एवं प्रभावी संचालन, विभिन्न शाखाओं के मध्य आवश्यक समन्वय, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण तथा कार्यालयीन कार्यों के समयबद्ध निष्पादन को सुनिश्चित करेगी। साथ ही, आयुक्तालय के अकादमिक (Academic), मानव संसाधन विकास (HRD), आयोजना (Planning) एवं प्रशासन (Administration) विभागों द्वारा अपेक्षित महाविद्यालय संबंधी सूचनाओं का संबंधित शाखाओं से समयबद्ध संकलन करवाकर, संस्थापन शाखा के माध्यम से निर्धारित समयावधि में प्रेषण सुनिश्चित करेगी।

**2. ई-पेंशन प्रकरण समिति**

डॉ. कुलदीप सिंह गौड़ – **समन्वयक**
डॉ. भवशेखर – **सदस्य**

**दायित्व :** ई-पेंशन से संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना, आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रक्रियाओं के संबंध में संबंधित शाखाओं/कार्मिकों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करना तथा पेंशन प्रकरणों की प्रगति की नियमित समीक्षा एवं निगरानी करना।

**3. समय-सारणी, कार्यभार एवं उपस्थिति रजिस्टर जाँच समिति**

डॉ. मंजु फड़िया – **समन्वयक**

**(i) कला संकाय**

डॉ. वन्दना वर्मा – **प्रभारी**
डॉ. भावना पोखरना – **सदस्य**
डॉ. कहानी भानावत – **सदस्य**
डॉ. अंजना – **सदस्य**
डॉ. महेंद्र कुमार वर्मा – **सदस्य**

**(ii) विज्ञान संकाय**

डॉ. सविता चाहर – **प्रभारी**

**सदस्य**

डॉ. रेखा भट्ट – **सदस्य**

डॉ. प्रवीण टांक – **सदस्य**

**(iii) वाणिज्य संकाय**

डॉ. यदु राव – **प्रभारी**

डॉ. इन्दु अरोड़ा – **सदस्य**

डॉ. सागर सांवरिया – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय की सामान्य समय-सारणी तैयार करने, उसका आवश्यकतानुसार पुनरीक्षण एवं समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ-साथ शिक्षकों के कार्यभार तथा उपस्थिति रजिस्टर का नियमित परीक्षण एवं सत्यापन करेगी। समिति यह सुनिश्चित करेगी कि समय-सारणी शैक्षणिक आवश्यकताओं एवं निर्धारित मानदंडों के अनुरूप हो, कार्यभार का समुचित एवं संतुलित वितरण किया गया हो तथा उपस्थिति रजिस्टर में प्रविष्टियाँ नियमानुसार एवं अद्यतन रूप से संधारित की जा रही हों। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों अथवा विसंगतियों के संबंध में आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्राचार्य को अवगत कराएगी।

**4. राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन समिति (National Education Policy Implementation Committee)**

**कला संकाय**

श्रीमती लाजवंती बानावत

डॉ. मंजु फड़िया

डॉ. पुनीता चोरड़िया

डॉ. भावना पोखरना

**विज्ञान संकाय**

डॉ. सविता चाहर

डॉ. कुलविन्दर कौर

डॉ. प्रज्ञा शर्मा

**वाणिज्य संकाय**

डॉ. मंजु खत्री

डॉ. पायल बड़ाला

डॉ. सुनील खटीक

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के प्रावधानों के प्रभावी एवं चरणबद्ध क्रियान्वयन हेतु पाठ्यक्रम, शिक्षण-अधिगम, कौशल एवं व्यावसायिक शिक्षा, बहुविषयक अध्ययन, क्रेडिट प्रणाली एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास से संबंधित आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करेगी। समिति विभिन्न सेमेस्टरों में **Skill Enhancement Courses (SEC)** का चयन एवं समय-सारणी में समावेश सुनिश्चित करेगी तथा आंतरिक परीक्षाओं की समय-सारणी तैयार करवाकर विश्वविद्यालय पोर्टल पर अंक समयबद्ध रूप से अपलोड करवाएगी। समिति NEP के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक सुझाव एवं सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्राचार्य को अवगत कराएगी।

**5. विश्वविद्यालय एवं ए.आई.सी.टी.ई. संबद्धता समिति**

डॉ. सुनील दत्त शुक्ला – **नोडल अधिकारी (विश्वविद्यालय संबद्धता)**

डॉ. धर्मेंद्र कुमार मीणा – **समन्वयक (ए.आई.सी.टी.ई. - बी.सी.ए.)**

डॉ. यदु राव – **समन्वयक (ए.आई.सी.टी.ई. - बी.बी.ए.)**

राजसेस महाविद्यालयों के सभी नोडल अधिकारी (विश्वविद्यालय संबद्धता), डॉ. सुनील दत्त शुक्ला के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए विश्वविद्यालय संबद्धता से संबंधित समस्त कार्यों, दस्तावेजों, सूचनाओं एवं आवश्यक प्रक्रियाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे।

**6. मेंटरिंग एवं छात्रा परामर्श समिति**

डॉ. कुलदीप फड़िया – **समन्वयक**

डॉ. अलका चौहान – **सदस्य**

डॉ. संगीता माहेश्वरी – **सदस्य**

डॉ. ममता आहूजा – **सदस्य**

डॉ. गीता स्वामी – **सदस्य**

डॉ. सुशील निम्बार्क – **सदस्य**

डॉ. सोफिया नलवाया – **सदस्य**

डॉ. सरोज कुमार – **सदस्य**

डॉ. सुनील खटीक – **सदस्य**

**दायित्व** : समिति छात्राओं की शैक्षणिक, व्यक्तिगत एवं करियर संबंधी आवश्यकताओं के लिए मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान करेगी। समिति छात्राओं की प्रगति एवं समस्याओं की नियमित समीक्षा कर आवश्यक सहयोग एवं समाधान सुनिश्चित करेगी तथा आवश्यकता होने पर संबंधित विभाग/प्राचार्य को अवगत कराएगी।

**7. अनुशासन एवं एंटी रैगिंग समिति**

डॉ. अलका चौहान – **समन्वयक**

डॉ. सविता चाहर – **सदस्य**

डॉ. संगीता माहेश्वरी – **सदस्य**

डॉ. क्षिप्रा भारद्वाज – **सदस्य**

डॉ. रेखा भट्ट – **सदस्य**

डॉ. नवनीतप्रिया शर्मा – **सदस्य**

डॉ. आभा गुप्ता – **सदस्य**

डॉ. वन्दना  मेघवाल – **सदस्य**

डॉ. कैलाश चन्द्र नागर – **सदस्य**

डॉ. नरपत दान – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय में अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा रैगिंग की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही एवं जागरूकता सुनिश्चित करेगी। प्राप्त शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही हेतु प्राचार्य को अवगत कराएगी तथा एंटी-रैगिंग संबंधी नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करेगी। छात्राओं का महाविद्यालय में गणवेश (यूनिफॉर्म) में आना सुनिश्चित करेगी।

**8. AISHE, NIRF एवं सांख्यिकी पुस्तिका समिति**

डॉ. अजय कुमार चौधरी – **समन्वयक**

डॉ. मोनिका दवे – **सदस्य**

डॉ. प्रज्ञा शर्मा – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति **AISHE एवं NIRF पोर्टल तथा निदेशालय द्वारा वांछित सांख्यिकीय आंकड़ों** का संकलन, सत्यापन, संधारण एवं समयबद्ध प्रेषण सुनिश्चित करेगी तथा **सांख्यिकी पुस्तिका** हेतु आवश्यक आंकड़ों के अद्यतन एवं प्रकाशन का समन्वय करेगी।

**9. रोजगार परामर्श, युवा कौशल विकास एवं उद्यमिता समिति**

डॉ. अशोक सोनी – **समन्वयक**

डॉ. आभा गुप्ता – **सदस्य**

डॉ. बिंदु कटारिया – **सदस्य**

डॉ. शुभ्रा तिवारी – **सदस्य**

डॉ. अंजू बेनीवाल – **सदस्य**

डॉ. साक्षी चौहान – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय में विद्यार्थियों के रोजगार, कौशल विकास एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु रोजगार मेले, कैम्पस इंटरव्यू, करियर परामर्श, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास कार्यक्रमों का आयोजन एवं समन्वय करेगी। विद्यार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराने तथा उनकी रोजगारपरक दक्षताओं के विकास हेतु आवश्यक गतिविधियाँ संचालित करेगी। साथ ही, रोजगार, कौशल विकास एवं उद्यमिता से संबंधित संस्थाओं/उद्योगों के साथ MoU करने तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित आवश्यक कार्यों का संपादन एवं समन्वय करेगी।

**10. नवाचार एवं डिजिटल साक्षरता समिति**

डॉ. ममता आहूजा – **समन्वयक**

डॉ. अजय कुमार चौधरी – **सदस्य**

डॉ. मोनिका दवे – **सदस्य**

डॉ. सावित्री पाटीदार – **सदस्य**

डॉ. मीनाक्षी माहुर – **सदस्य**

डॉ. प्रकाश गिरि गोस्वामी – **सदस्य**

डॉ. सपना – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति **आयुक्तालय के नवाचार प्रकोष्ठ** द्वारा प्रारम्भ किए गए तथा भविष्य में प्रारम्भ किए जाने वाले नवाचारों (समिति क्रमांक–9 द्वारा संपादित कार्यों के अतिरिक्त) का महाविद्यालय स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन, समन्वय एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेगी। साथ ही, महाविद्यालय में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा किए जा सकने वाले नवाचारों की पहचान, प्रोत्साहन एवं उनके क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। समिति छात्राओं में **डिजिटल साक्षरता एवं डिजिटल संसाधनों के उपयोग** को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसके अंतर्गत छात्राओं को **My Bharat Portal, SWAYAM Portal एवं National Digital Library (NDL)** पर उपलब्ध शैक्षणिक एवं विकासात्मक संसाधनों से अवगत कराते हुए पंजीकरण के लिए प्रेरित करेगी तथा अधिकाधिक छात्राओं का पंजीकरण सुनिश्चित करेगी।

**11. शोध समिति (Research & Development Cell)**

डॉ. कानन सक्सेना – **समन्वयक**

डॉ. नवीन कुमार झा – **सदस्य**

डॉ. अशोक सोनी – **सदस्य**

डॉ. दिव्या हिरण – **सदस्य**

डॉ. संध्या पठानिया – **सदस्य**

डॉ. सुनील दत्त शुक्ला – **सदस्य**

डॉ. अंजू बेनीवाल – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय में शोध एवं अनुसंधान गतिविधियों को प्रोत्साहित एवं समन्वित करेगी। शोध परियोजनाओं, शोध-पत्रों एवं प्रकाशनों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों तथा शोध संबंधी प्रशिक्षण गतिविधियों के आयोजन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। साथ ही, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों को शोध प्रस्ताव, अनुदान एवं शोध अवसरों की जानकारी उपलब्ध कराने, अनुसंधान हेतु संस्थागत/बाह्य सहयोग विकसित करने तथा शोध की गुणवत्ता एवं नैतिक मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगी।

**12. आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (Internal Quality Assurance Cell - IQAC)**

डॉ. अंजना गौतम, प्राचार्य – **अध्यक्ष**

डॉ. कानन सक्सेना – **समन्वयक**

डॉ. ममता आहूजा – **सदस्य**

डॉ. सुदेशना पारिजा – **सदस्य**

डॉ. इन्दु शर्मा – **सदस्य**

डॉ. संध्या पठानिया – **सदस्य**

डॉ. सुनील दत्त शुक्ला – **सदस्य**

डॉ. शुभ्रा तिवारी – **सदस्य**

डॉ. शिल्पा मेहता – **सदस्य**

सुश्री सुरभि तिवारी (प्रयोगशाला सहायक) – **सदस्य**

डॉ. सतीश आचार्य – **सहायक निदेशक**

डॉ. शशी सांचिहर (सेवानिवृत्त प्राचार्य, उच्च शिक्षा) – **विशेषज्ञ सदस्य**

डॉ. निधि श्रीवास्तव – **एलुमनी सदस्य**

डॉ. घनश्याम पुरोहित (प्रोफेसर, भौतिकशास्त्र, मोलासु विश्वविद्यालय) – **विशेषज्ञ सदस्य**

श्रीमान/ श्रीमती ———— – **अभिभावक प्रतिनिधि**

श्रीमान/ श्रीमती ———— – **अभिभावक प्रतिनिधि**

सुश्री ———— – **छात्रा प्रतिनिधि**

सुश्री ———— – **छात्रा प्रतिनिधि**

**दायित्व :** प्रकोष्ठ महाविद्यालय में **शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गुणवत्ता** के सतत् सुधार एवं गुणवत्ता आश्वासन से संबंधित गतिविधियों का समन्वय एवं मॉनिटरिंग करेगा। महाविद्यालय की गुणवत्ता संबंधी गतिविधियों की समीक्षा, आवश्यक आंकड़ों एवं दस्तावेजों का संकलन तथा **AQAR एवं अन्य गुणवत्ता संबंधी रिपोर्टों** के समयबद्ध संधारण एवं प्रेषण हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगा। साथ ही, शिक्षण-अधिगम, विद्यार्थी सहायता, शोध, नवाचार एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में गुणवत्ता सुधार हेतु सुझाव एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करेगा।

**13. आंतरिक शिकायत समिति (Internal Complaints Committee - ICC)**

श्रीमती लाजवंती बानावत – **समन्वयक**

डॉ. सोफिया आई हुसैन – **सदस्य**

डॉ. पुनीता चोरड़िया – **सदस्य**

डॉ. क्षिप्रा भारद्वाज – **सदस्य**

डॉ. साक्षी चौहान – **सदस्य**

डॉ. जितेंद्र सिंह राव **– सदस्य**

डॉ. लक्ष्मण लाल सरगड़ा – **सदस्य**

डॉ. लीना दवे – **स्वतंत्र सदस्य**

सुश्री सुरभि तिवारी (प्रयोगशाला सहायक) – **शैक्षणिक कर्मचारी**

श्री मनोहर सिंह (प्रयोगशाला सहायक) – **शैक्षणिक कर्मचारी**

सुश्री मानवी औदिच्य – **छात्र प्रतिनिधि**

सुश्री अनुष्का पुष्करणा – **छात्र प्रतिनिधि**

**दायित्व :** समिति कार्यस्थल पर **महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं निवारण** से संबंधित प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेगी। प्राप्त शिकायतों का नियमानुसार संज्ञान एवं आवश्यक जांच करते हुए गोपनीयता बनाए रखेगी तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही एवं अनुशंसा करेगी। साथ ही, महिलाओं के अधिकारों एवं सुरक्षित कार्यस्थल के संबंध में **जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों** का आयोजन करेगी।

**14. शिकायत निवारण समिति (Grievance Redressal Committee)**

डॉ. तराना परवीन – **समन्वयक**

डॉ. सरोज गुप्ता – **सदस्य**
डॉ. रेहाना परवीन – **सदस्य**
डॉ. प्रीति भट्ट – **सदस्य**
डॉ. मोनिका चौधरी – **सदस्य**
डॉ. तनुश्री भाटी – **सदस्य**
डॉ. जितेन्द्र सिंह राठौड़ – **सदस्य**
डॉ. बरखा घावरी – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों से प्राप्त **शिकायतों एवं समस्याओं** का नियमानुसार संज्ञान लेकर उनके निष्पक्ष एवं समयबद्ध निवारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगी। प्राप्त शिकायतों की जांच, संबंधित पक्षों से समन्वय तथा समाधान की प्रगति का मॉनिटरिंग करेगी और आवश्यकतानुसार प्राचार्य को अवगत कराएगी। साथ ही, शिकायत निवारण व्यवस्था के प्रति जागरूकता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी।

**15. समान अवसर समिति (Equal Opportunity Committee)**

डॉ. प्रिया सोलोमन – **समन्वयक**
डॉ. सोफिया आई हुसैन – **सदस्य**
डॉ. रेहाना परवीन – **सदस्य**
डॉ. सावित्री पाटीदार – **सदस्य**
डॉ. रितु परमार – **सदस्य**
डॉ. मोहम्मद इब्राहिम – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय में **समान अवसर, समावेशी वातावरण एवं भेदभाव-मुक्त व्यवस्था** सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगी। वंचित एवं विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं विकासात्मक अवसरों को बढ़ावा देने हेतु मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करेगी तथा संबंधित योजनाओं एवं सुविधाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का मॉनिटरिंग करेगी।

**16. निजी संस्थान निरीक्षण समिति**

**नोडल अधिकारी**

श्रीमती लाजवंती बानावत
डॉ. अपर्णा कुमावत – **सदस्य**
डॉ. मनोजकुमार सिंह छंगाणी – **सदस्य**
डॉ. मोनिका दवे – **सदस्य**
डॉ. इन्दु शर्मा – **सदस्य**
डॉ. मुकेश व्यास – **सदस्य**

डॉ. अंजना – **सदस्य**

डॉ. सुनील दत्त शुक्ला – **सदस्य**

डॉ. राम सिंह भाटी – **सदस्य**

डॉ. दुर्गा सिंह गौड़ – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति निजी शिक्षण संस्थानों का **आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, जयपुर** द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार निरीक्षण एवं ऑनलाइन मूल्यांकन करेगी। निजी महाविद्यालयों द्वारा **NOC हेतु प्रस्तुत आवेदनों** का नियमानुसार परीक्षण, ऑनलाइन मूल्यांकन एवं आवश्यक निरीक्षण सुनिश्चित करेगी। साथ ही, निर्धारित मानकों, शैक्षणिक व्यवस्थाओं, आधारभूत संसाधनों एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का सत्यापन कर निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार करेगी तथा आवश्यकतानुसार संबंधित प्राधिकारी को अनुशंसा प्रस्तुत करेगी।

**17. LEADS समिति**

डॉ. वन्दना वर्मा – **समन्वयक**

डॉ. अंजना इण्टोदिया – **सदस्य**

**दायित्व :** LEAD Nodal College के रूप में **संभाग के संबद्ध महाविद्यालयों** की शैक्षणिक, कौशल विकास, नवाचार एवं सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों का समन्वय एवं मॉनिटरिंग करेगा। संबद्ध महाविद्यालयों से गतिविधियों की प्रगति एवं उपलब्धियों संबंधी सूचनाएँ एवं प्रतिवेदन प्राप्त कर उनका संकलन एवं समीक्षा करेगा तथा **आयुक्तालय को निर्धारित प्रारूप एवं समय-सीमा में समेकित प्रतिवेदन** प्रस्तुत करेगा। साथ ही, LEAD कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबद्ध महाविद्यालयों को आवश्यक **मार्गदर्शन, सहयोग एवं समन्वय** प्रदान करेगा।

**18. विद्यार्थी निधि कोष परामर्श एवं व्यय समिति**

डॉ. अंजना गौतम, प्राचार्य – **अध्यक्ष**

डॉ. धर्मेंद्र कुमार मीणा – **सदस्य**

डॉ. मनोजकुमार सिंह छंगाणी – **सदस्य**

डॉ. मुकेश व्यास – **सदस्य**

श्री जगदीश चन्द्र प्रजापत – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति **विद्यार्थी निधि कोष** के नियमानुसार उपयोग एवं व्यय संबंधी मामलों में परामर्श एवं आवश्यक अनुशंसा प्रदान करेगी। विद्यार्थियों के हित में निधि से किए जाने वाले व्यय प्रस्तावों की समीक्षा कर उनकी प्राथमिकता एवं औचित्य का परीक्षण करेगी तथा स्वीकृत प्रावधानों के अनुरूप व्यय एवं अभिलेखों के संधारण हेतु आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करेगी।

**19. भण्डार समिति**

डॉ. कुलदीप फड़िया – **समन्वयक**

डॉ. इन्दु अरोड़ा – **सदस्य**

डॉ. सुरेश नागदा – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय में सामग्री एवं भण्डार के क्रय, प्राप्ति, भण्डारण एवं वितरण से संबंधित कार्यों का नियमानुसार संपादन एवं मॉनिटरिंग करेगी। सामग्री की आवश्यकता एवं गुणवत्ता का परीक्षण, भण्डार अभिलेखों

का संधारण तथा समय-समय पर भण्डार का सत्यापन सुनिश्चित करेगी एवं अनुपयोगी सामग्री के नियमानुसार निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगी।

**20. उपापन समिति**

डॉ. पुनीता चोरड़िया – **समन्वयक**

डॉ. प्रवीण टांक – **सदस्य**

डॉ. दुर्गा सिंह गौड़ – **सदस्य**

श्री अशोक रांका (लेखाधिकारी) – **सदस्य**

श्री जयेश पुरोहित – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय में वस्तुओं एवं सेवाओं के **उपापन** से संबंधित समस्त कार्यों का संपादन **General Financial & Accounts Rules (GF&AR) तथा Rajasthan Transparency in Public Procurement (RTPP) Rules** के प्रावधानों के अनुसार करेगी। समिति आवश्यकताओं का आकलन, निविदा/कोटेशन प्रक्रिया, प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण एवं तुलनात्मक मूल्यांकन तथा नियमानुसार उपापन की कार्यवाही सुनिश्चित करेगी। साथ ही, उपापन प्रक्रिया में **पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा, गुणवत्ता एवं वित्तीय नियमों के अनुपालन** को सुनिश्चित करेगी।

**21. आंतरिक अंकेक्षण समिति**

डॉ. वन्दना वर्मा – **समन्वयक**

डॉ. बिंदु कटारिया – **सदस्य**

डॉ. प्रहलाद धाकड़ – **सदस्य**

डॉ. सुरेश नागदा – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय के **वित्तीय एवं लेखा संबंधी कार्यों का आंतरिक अंकेक्षण** नियमानुसार करेगी। आय-व्यय, वाउचर, बिल, अभिलेखों एवं वित्तीय लेन-देन का परीक्षण कर वित्तीय नियमों के अनुपालन की समीक्षा करेगी तथा पाई गई अनियमितताओं/आपत्तियों के निराकरण हेतु आवश्यक सुझाव एवं अनुशंसा प्रस्तुत करेगी।

**22. बजट एवं आयकर गणना व कटौती समिति**

डॉ. मुकेश व्यास – **समन्वयक**

डॉ. यदु राव – **सदस्य**

डॉ. दुर्गा सिंह गौड़ – **सदस्य**

श्री अशोक रांका (लेखाधिकारी) – **सदस्य**

श्री जगदीश चन्द्र प्रजापत – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय के **वार्षिक बजट के निर्माण, आय-व्यय के अनुमान एवं बजट प्रावधानों** से संबंधित कार्यों का समन्वय करेगी। साथ ही, कर्मचारियों के आयकर की नियमानुसार गणना, **TDS की कटौती एवं संबंधित अभिलेखों/विवरणियों** के संधारण तथा समयबद्ध अनुपालन को सुनिश्चित करेगी।

**23. एच.टी.ई., वेब पोर्टल एवं महाविद्यालय वेबसाइट समिति**

डॉ. कुलविन्दर कौर – **समन्वयक**

डॉ. धर्मेंद्र कुमार मीणा – **सदस्य**

डॉ. इन्दु शर्मा – **सदस्य**

डॉ. मोनिका डूंगरवाल – **सदस्य**

डॉ. प्रहलाद धाकड़ – **सदस्य**

डॉ. नरेन्द्र सिंह शेखावत – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति एच.टी.ई. (Higher Technical Education) पोर्टल एवं महाविद्यालय की वेबसाइट पर नवीनतम सूचनाओं, नोटिस, प्रवेश संबंधी जानकारी, परीक्षा कार्यक्रम तथा शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों को नियमित एवं मासिक रूप से अद्यतन करवाना सुनिश्चित करेगी। समिति महाविद्यालय स्तर पर आयोजित महत्वपूर्ण गतिविधियों, कार्यक्रमों, उपलब्धियों एवं नवाचारों का साप्ताहिक संकलन तैयार कर वेबसाइट के रख-रखाव हेतु अधिकृत निजी फर्म को उपलब्ध कराएगी तथा सामग्री का समयबद्ध अपलोड सुनिश्चित करेगी। साथ ही, वेबसाइट को आकर्षक, सुव्यवस्थित एवं User Friendly बनाने हेतु आवश्यक सुझाव एवं सुधार प्रस्तावित करेगी तथा इसकी सामग्री एवं स्वरूप की नियमित समीक्षा करेगी। अद्यतन सूचनाओं का संक्षिप्त रिकॉर्ड संधारित किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों एवं आमजन को महाविद्यालय से संबंधित नवीनतम एवं प्रमाणिक जानकारी सुगमता से उपलब्ध हो सके।

**24. आई-पैड (iStart) लॉन्च एवं समन्वय समिति**

डॉ. कुलदीप सिंह गौड़ – **नोडल अधिकारी**

डॉ. पायल बड़ाला – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति iStart राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में स्थापित लॉन्चपैड के सुचारू संचालन एवं प्रभावी समन्वय का दायित्व निभाएगी। समिति विद्यार्थियों को नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता संबंधी गतिविधियों के लिए मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी तथा संबंधित विभागों एवं संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करेगी। समिति 'हब एंड स्पोक' मॉडल के अनुरूप गतिविधियों के संचालन, विद्यार्थियों की सहभागिता एवं उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करेगी तथा लॉन्चपैड से संबंधित गतिविधियों की नियमित निगरानी एवं प्रगति का संकलन करेगी।

**25. आई.टी., स्मार्ट क्लासरूम एवं स्मार्ट साइंस लैब समिति**

डॉ. कुलविन्दर कौर – **समन्वयक**

डॉ. जुल्फिया शेख – **सदस्य**

डॉ. कुलदीप सिंह गौड़ – **सदस्य**

डॉ. वर्तिका जैन – **सदस्य**

डॉ. मंजु खत्री – **सदस्य**

डॉ. प्रज्ञा शर्मा – **सदस्य**

डॉ. वीना गुरनानी – **सदस्य**

डॉ. प्रियंका कंसारा – **सदस्य**

श्री घनश्याम सेन (प्रयोगशाला सहायक) – **सदस्य**

सुश्री सुरभि तिवारी (प्रयोगशाला सहायक) – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय के **आई.टी. सेंटर, स्मार्ट क्लासरूम (पन्नाधाय सभागार एवं सेमिनार हॉल सहित), स्मार्ट बोर्ड एवं साइंस लैब** की कार्यशीलता, रख-रखाव एवं आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित करेगी। साथ ही, महाविद्यालय में उपलब्ध **इंटरनेट कनेक्शन के रख-रखाव एवं वार्षिक नवीनीकरण** का कार्य करेगी तथा आई.टी. संसाधनों एवं तकनीकी सुविधाओं के नियमित परीक्षण एवं प्रभावी उपयोग का समन्वय एवं मॉनिटरिंग करेगी।

**26. यू.जी.सी. एवं रूसा समिति**

डॉ. प्रिया सोलोमन – **समन्वयक**

डॉ. गीता स्वामी – **सदस्य**

डॉ. श्रुति टण्डन – **सदस्य**

डॉ. अमीश देव सिंह – **सदस्य**

श्री जगदीश चन्द्र प्रजापत – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति **यू.जी.सी. एवं रूसा परियोजनाओं** से संबंधित लंबित कार्यों का मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करेगी तथा उच्च अधिकारियों/संबंधित प्राधिकरणों द्वारा वांछित सूचनाओं एवं प्रतिवेदनों को समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराएगी। साथ ही, **यू.जी.सी. पोर्टल पर होने वाले नवीन परिवर्तनों, दिशा-निर्देशों एवं नवाचारों** से समस्त संकाय सदस्यों को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

**27. एन.सी.सी. समिति**

डॉ. संगीता माहेश्वरी – **समन्वयक**

डॉ. माधवी पालीवाल – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय में एन.सी.सी. (NCC) से संबंधित गतिविधियों का संचालन एवं समन्वय सुनिश्चित करेगी तथा संबंधित विभाग/एन.सी.सी. इकाई के निर्देशों के अनुसार कैडेट्स की सहभागिता सुनिश्चित करेगी। समिति द्वारा ड्रिल, परेड, प्रशिक्षण, अनुशासन, शारीरिक दक्षता, आपदा प्रबंधन, सामाजिक सेवा, स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियानों, शिविरों तथा राष्ट्रीय एवं सामुदायिक महत्व की अन्य गतिविधियों का आयोजन एवं समन्वय किया जाएगा। साथ ही, एन.सी.सी. कैडेट्स को राष्ट्र सेवा, नेतृत्व, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा गतिविधियों का आवश्यक रिकॉर्ड संधारित किया जाएगा।

**28. राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) परामर्शदात्री समिति**

डॉ. अशोक सोनी – **समन्वयक**

डॉ. श्वेता व्यास – **सदस्य**

डॉ. सावित्री पाटीदार – **सदस्य**

डॉ. सुनीता आर्य – **सदस्य**

सुश्री निकिता प्रजापत (एन.एस.एस. स्वयंसेविका)

सुश्री रैन जारौली (एन.एस.एस. स्वयंसेविका)

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय में **राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)** की गतिविधियों के प्रभावी संचालन एवं मॉनिटरिंग हेतु परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान करेगी। समिति द्वारा NSS के अंतर्गत **विशेष शिविर, नियमित गतिविधियाँ, जन-जागरूकता, स्वच्छता, सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक सहभागिता** से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन एवं समन्वय में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा तथा निर्धारित गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक सुझाव दिए जाएंगे।

**29. राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)**

डॉ. मीनाक्षी माहुर – **कार्यक्रम अधिकारी**

डॉ. श्वेता स्वामी – **कार्यक्रम अधिकारी**

डॉ. तनुश्री भाटी – **कार्यक्रम अधिकारी**

डॉ. सोनाली शर्मा – **कार्यक्रम अधिकारी**

**दायित्व :** समिति आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा के निर्देशों एवं NSS के निर्धारित मानदंडों के अनुसार नियमित गतिविधियों एवं विशेष शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करेगी। स्वयंसेवकों द्वारा प्रतिवर्ष 120 घंटे सामाजिक सेवा तथा दो वर्षों में कुल 240 घंटे सेवा के साथ निर्धारित 7 दिवसीय आवासीय विशेष शिविर में सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। विशेष शिविर एवं नियमित गतिविधियों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जागरूकता, श्रमदान, चिकित्सा/रक्तदान शिविर तथा अन्य सामुदायिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। समिति विद्यार्थियों की सहभागिता, कार्यक्रमों के समन्वय एवं आवश्यक रिकॉर्ड संधारण को सुनिश्चित करेगी।

**30. रेंजरिंग समिति**

डॉ. वन्दना मेघवाल – **समन्वयक**

डॉ. ऋतु दुबे – **सदस्य**

डॉ. सपना – **सदस्य**

डॉ. बरखा घावरी – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति **आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा एवं संबंधित विभाग द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों** के अनुसार महाविद्यालय में रेंजरिंग गतिविधियों का संचालन एवं समन्वय करेगी। छात्राओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, सेवा-भाव, साहस एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने हेतु प्रशिक्षण, शिविर, रैलियाँ, जागरूकता एवं सामुदायिक सेवा गतिविधियाँ आयोजित करेगी। आवश्यकता अनुसार आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, पर्यावरण संरक्षण एवं जनसेवा से संबंधित कार्यक्रमों में छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करेगी। समिति रेंजरिंग से संबंधित रिकॉर्ड संधारित कर आवश्यक सूचना एवं प्रतिवेदन समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराएगी।

**31. महिला प्रकोष्ठ समिति**

डॉ. अनामिका सिंघवी – **समन्वयक**

डॉ. नवनीतप्रिया शर्मा – **सदस्य**

डॉ. बिंदु कटारिया – **सदस्य**

डॉ. वैशाली देवपुरा – **सदस्य**

डॉ. रेणुका वर्मा – **सदस्य**
डॉ. नरेन्द्र सिंह शेखावत – **सदस्य**
डॉ. नरपत दान – **सदस्य**
डॉ. अदिति राठौड़ – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति **आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार** महाविद्यालय में छात्राओं के अधिकार, सुरक्षा, समानता, आत्मनिर्भरता एवं समग्र विकास से संबंधित गतिविधियों का आयोजन एवं समन्वय करेगी। महिला अधिकार, लैंगिक समानता, आत्मरक्षा, स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा, करियर एवं व्यक्तित्व विकास आदि विषयों पर व्याख्यान, कार्यशाला, जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण आयोजित करेगी। छात्राओं की समस्याओं एवं आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए संबंधित समितियों/विभागों से समन्वय कर आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराएगी तथा आयुक्तालय द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन एवं आवश्यक रिकॉर्ड /प्रतिवेदन का समयबद्ध संधारण सुनिश्चित करेगी।

**32. रेड रिबन क्लब**

डॉ. रेहाना परवीन – **समन्वयक**
डॉ. अंजू बेनीवाल – **सदस्य**
डॉ. पायल बड़ाला – **सदस्य**
डॉ. किरण पड़ियार – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति **आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा एवं संबंधित विभागों द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों** के अनुसार महाविद्यालय में HIV/AIDS, नशा-मुक्ति, सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवनशैली तथा स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति छात्राओं को जागरूक करेगी। रेड रिबन क्लब के माध्यम से व्याख्यान, कार्यशाला, रैली, पोस्टर, निबंध, क्विज़ एवं अन्य जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करेगी तथा आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य विभाग/अन्य संबंधित संस्थाओं के सहयोग से कार्यक्रम संचालित करेगी। समिति छात्राओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए क्लब की गतिविधियों का रिकॉर्ड संधारित करेगी तथा आवश्यक सूचना एवं प्रतिवेदन समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराएगी।

**33. उपभोक्ता क्लब**

डॉ. गीता स्वामी– **समन्वयक**
डॉ. प्रहलाद धाकड़ – **सदस्य**
डॉ. नम्रता खेमराज यादव – **सदस्य**
डॉ. नगेन्द्र श्रीमाली – **सदस्य**
डॉ. किरण पड़ियार – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति **आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा एवं संबंधित विभागों के निर्देशानुसार** छात्राओं में उपभोक्ता अधिकारों एवं दायित्वों के प्रति जागरूकता विकसित करेगी। उपभोक्ता संरक्षण, गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं एवं सेवाओं, MRP, बिल/रसीद, ऑनलाइन खरीदारी एवं साइबर उपभोक्ता सुरक्षा आदि विषयों पर व्याख्यान, कार्यशाला, निबंध, पोस्टर, क्विज़ एवं अन्य जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करेगी। विद्यार्थियों को उपलब्ध उपभोक्ता शिकायत निवारण तंत्र की

जानकारी प्रदान करेगी तथा संबंधित विभागों के सहयोग से आवश्यक कार्यक्रम संचालित करेगी। समिति गतिविधियों का रिकॉर्ड संधारित कर आवश्यक सूचना एवं प्रतिवेदन समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराएगी।

**34. मानवाधिकार क्लब**

डॉ. मंजु फड़िया – **समन्वयक**

डॉ. किरण मीणा – **सदस्य**

डॉ. रितु परमार – **सदस्य**

डॉ. सरोज कुमार – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति **आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों** के अनुसार महाविद्यालय में मानवाधिकारों, समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति छात्राओं में जागरूकता विकसित करेगी। मानवाधिकार दिवस, संगोष्ठी, व्याख्यान, कार्यशाला, निबंध, पोस्टर, वाद-विवाद एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करेगी तथा विद्यार्थियों को मानवाधिकारों एवं उनके संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाएगी। आवश्यकता अनुसार संबंधित विभागों/संस्थाओं के सहयोग से गतिविधियों का संचालन करेगी तथा क्लब की गतिविधियों का रिकॉर्ड एवं आवश्यक प्रतिवेदन समयबद्ध रूप से संधारित एवं उपलब्ध कराएगी।

**35. अभिभावक परिषद्**

डॉ. सोफिया आई हुसैन – **समन्वयक**

डॉ. अपर्णा कुमावत – **सदस्य**

डॉ. नम्रता खेमराज यादव – **सदस्य**

डॉ. महेंद्र कुमार वर्मा – **सदस्य**

डॉ. प्रियंका कंसारा – **सदस्य**

**दायित्व :** अभिभावक परिषद् महाविद्यालय एवं अभिभावकों के मध्य प्रभावी संवाद एवं समन्वय स्थापित करते हुए विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति एवं समग्र विकास से संबंधित विषयों पर आवश्यक सुझाव एवं सहयोग प्राप्त करेगी। परिषद् शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन करेगी तथा 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाली छात्राओं के अभिभावकों को सूचित कर आवश्यक परामर्श एवं सुधारात्मक कार्यवाही हेतु समन्वय सुनिश्चित करेगी।

**36. साहित्यिक समिति**

डॉ. शिवे शर्मा – **समन्वयक**

डॉ. चन्दनबाला मारू – **सदस्य**

डॉ. नवनीतप्रिया शर्मा – **सदस्य**

डॉ. अंजना – **सदस्य**

डॉ. सविता वर्डिया – **सदस्य**

डॉ. मधुबाला सांखला – **सदस्य**

डॉ. श्रुति टण्डन – **सदस्य**

डॉ. मोहम्मद इब्राहिम – **सदस्य**

डॉ. रेणुका वर्मा – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय में **साहित्यिक एवं रचनात्मक गतिविधियों** का आयोजन एवं समन्वय करेगी तथा विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा एवं अभिव्यक्ति कौशल के विकास हेतु विभिन्न साहित्यिक प्रतियोगिताओं, संगोष्ठियों एवं कार्यक्रमों का संचालन करेगी। साथ ही, **आयुक्तालय द्वारा निर्देशित साहित्यिक गतिविधियों** का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी तथा महाविद्यालय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करेगी। समिति द्वारा **सेवानिवृत्त होने वाले संकाय सदस्यों के अभिनन्दन-पत्र का लेखन** एवं साहित्यिक गतिविधियों से संबंधित अन्य आवश्यक कार्य भी संपादित किए जाएंगे।

**37. सांस्कृतिक समिति**

डॉ. नूतन कवितकर – **समन्वयक**

डॉ. वैशाली देवपुरा – **सदस्य**

डॉ. श्रुति टण्डन – **सदस्य**

डॉ. अनुपम – **सदस्य**

डॉ. प्रहलाद धाकड़ – **सदस्य**

डॉ. सुनीता आर्य – **सदस्य**

डॉ. प्रज्ञा शर्मा – **सदस्य**

डॉ. किरण पड़ियार – **सदस्य**

डॉ. रीना सालवी – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति महाविद्यालय में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन एवं समन्वय करेगी तथा विद्यार्थियों की कला, प्रतिभा एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करेगी। समिति द्वारा संगीत, नृत्य, नाटक, लोककला, चित्रकला एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, महाविद्यालय स्तर पर सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन तथा आयुक्तालय द्वारा निर्देशित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन एवं विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

**38. आर.टी.आई., सम्पर्क पोर्टल एवं अदालती कार्यवाही / LITES Portal समिति**

**समिति**

डॉ. मनोजकुमार सिंह छंगाणी – **समन्वयक**

डॉ. सुनील दत्त शुक्ला – **सदस्य**

डॉ. कुलदीप सिंह गौड़ – **सदस्य**

श्री राजेन्द्र माली (सहायक प्रशासनिक अधिकारी) – **सदस्य**

श्री जयेश पुरोहित – **सदस्य**

**दायित्व :** समिति RTI आवेदनों एवं प्रकरणों का समयबद्ध संकलन, परीक्षण एवं प्रेषण सुनिश्चित करेगी। सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं परिवादों की निगरानी कर संबंधित शाखा/अधिकारी से आवश्यक कार्यवाही एवं सूचना

प्राप्त करते हुए समयबद्ध निस्तारण तथा पोर्टल अद्यतन सुनिश्चित करेगी। महाविद्यालय से संबंधित न्यायालयीन प्रकरणों का रिकॉर्ड संधारण एवं मॉनिटरिंग करते हुए आवश्यक सूचनाएँ/प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराएगी। साथ ही, LITES Portal पर न्यायालयीन प्रकरणों से संबंधित सूचनाओं के समयबद्ध अद्यतन, अपलोड एवं मॉनिटरिंग तथा उच्चाधिकारियों द्वारा अपेक्षित सूचनाओं/प्रतिवेदनों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

**39. स्वच्छता समिति**

डॉ. गीता स्वामी – **समन्वयक**

डॉ. सरिता कुमावत – **सदस्य**

डॉ. रेखा भट्ट – **सदस्य**

डॉ. मुकेश कुमार मेहता – **सदस्य**

डॉ. श्रद्धा तिवारी – **सदस्य**

डॉ. रेहाना परवीन – **सदस्य**

